I/14874/2021

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01 / भू0अ0नि0(1)यो0बजट (आवंटन)–01 / 2021.................

प्रेषक,

जय सिंह,भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय / खगड़िया / लखीसराय / जहानाबाद / अरवल / शिवहर / किशनगंज / अररिया / कटिहार / पूर्णियाँ / सीतामढ़ी / सुपौल / सहरसा / मधेपुरा / पश्चिम चम्पारण / बाँका / जमुई / शेखपुरा / मुंगेर / नालन्दा

पटना, दिनांक :–

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत 20 जिलो के 208 शिविर हेतु ईकाई कोड– 13 01 विषय शीर्ष कार्यालय मद में राशि आवंटन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण अन्तर्गत 20 जिलो में गठित 208 शिविर हेतु प्रति शिविर **/ 10,000 /– (दस हजार)** रूपये मात्र की दर से मुख्य शीर्ष–2029–भू–राजस्व–उप मुख्य शीर्ष –00– लघु शीर्ष 102– सर्वेक्षण तथा बन्दोबस्त कार्य – उप शीर्ष –0101– सर्वेक्षण और बन्दोबस्त कार्य का पुनरीक्षण के अन्तर्गत ईकाई कोड– 13 01 विषय शीर्ष कार्यालय मद में वित्तीय वर्ष 2021–22 में राशि उपलब्धता के आधार पर तत्काल कुल राशि– **20,80,000 / – (बीस लाख अस्सी हजार**) रूपये मात्र का आवंटन निम्नानुसार निर्गत किया जाता है :–

क्रं0सं0	जिला का नाम	शिविर की संख्या	प्रति शिविर @10,000 रूपये
1	2	3	4
1	बेगूसराय	19	190000
2	खगड़िया	7	70000
3	लखीसराय	16	160000
4	जहानाबाद	10	100000
5	अरवल	13	130000
6	शिवहर	3	30000
7	किशनगंज	17	170000
8	अररिया	6	60000
9	कटिहार	7	70000
10	पूर्णियाँ	4	40000
11	सीतामढ़ी	9	90000
12	सुपौल	12	120000
13	सहरसा	5	50000

क्र0सं0	जिला का नाम	शिविर की संख्या	प्रति शिविर @10,000 रूपये
1	2	3	4
14	मधेपरा	6	60000
15	पश्चिम चम्पारण	11	110000
16	बाँका	12	120000
17	जमुई	6	60000
18	शेखपुरा	15	150000
19	मुंगेर	13	130000
20	नालन्दा	17	170000
	कुल योग :–	**208**	**2080000**
			(बीस लाख अस्सी हजार रूपये मात्र)

2. यह आवंटन वित्त विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक – 2561 दिनांक 17.04.1998 एवं राज्यादेश संख्या 02 (10) दिनांक 11.10.2021 के आलोक में निर्गत किया जाता है।
3. राशि का आवंटन प्रति शिविर **@ 10000/– (दस हजार)** रूपये मात्र की दर से किया जा रहा है, जिसकी निकासी बन्दोबस्त कार्यालय मुख्यालय स्तर से ही की जाएगी।
4. राज्यादेश के आलोक में शेष राशि पुनः आवंटन उपलब्ध होने के उपरान्त जिलों को उपलब्ध करा दिया जाएगा।
5. अनुरोध है कि व्यय को आवंटन के अन्तर्गत रखते हुए राशि की निकासी की जाय।
6. कोषागार में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी विपत्रों को मुख्य शीर्ष/उप मुख्य शीर्ष/लघु शीर्ष/उप शीर्ष/इकाई कोड/माँग संख्या – 40 एवं विपत्र कोड **40 – 2029001020101** अनिवार्य रूप से अंकित की जाये ताकि महालेखाकार के कार्यालय में लेखा संधारण समुचित ढंग से करने होंगे ताकि अनियमितता की संभावना नहीं रहे।
7. आवंटित राशि की मासिक व्यय विवरणी निदेशालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या 11650 दिनांक 21.12.2020 के साथ संलग्न प्रपत्रों में प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह तक नियमित रूप से मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित किया जाये।
8. बिहार वित्तीय नियमावली, बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत प्रावधानों तथा समय–समय पर निर्गत आदेशों का दृढतापूर्वक पालन किया जाय ताकि व्यय पर वास्तविक रूप से नियंत्रण रखा सकें।
9. किसी भी परिस्थिति में आवंटन दिये जाने का अर्थ व्यय की स्वीकृति नही समझा जाये तथा भुगतान के औचित्य से पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त ही भुगतान की कार्रवाई की जाये। तदनुसार भुगतान सुनिश्चित करना संबंधित पदाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेवारी होगी।
10. नियमानुसार स्त्रोत पर अनुमान्य कटौती करना तथा उसके लिए आवश्यक प्रमाणपत्र निर्गत करना संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/भुगतान करने वाले पदाधिकारी की जिम्मेवारी होगी।
11. इसकी सूचना महालेखाकार (ले0 एवं ह0) बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को ही दी जा रही है।

12. उपर्युक्त आवंटित राशि के अतिरिक्त राशि की मांग के साथ संबंधित विषय शीर्ष में कुल आवंटित राशि अद्यतन व्यय, अवशेष राशि एवं अभ्युक्ति अवश्य अंकित की जाय।
13. आवंटित राशि का भुगतान पूरी छानबीन एवं जाँच पड़ताल के बाद ही किया जाय। यदि कोई छद्मपूर्ण या अनियमित निकासी होती है इसकी पूरी जिम्मेवारी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

विश्वासभाजन
Signed by Jai Singh
Date: 22-12-2021 06:52:25
Reason: Approved
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

प्रतिलिपि :–

1. महालेखाकार, बिहार, पटना,
2. वित्त विभाग, बिहार, पटना (बजट शाखा),
3. संबंधित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी,
4. संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
5. श्रीमति सरीता कुमारी, प्रोग्रामर आई0टी सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को विभागीय वेबवाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।